सर्राफा

चांदी	2,44,000	↓	10200
शुद्ध सोना	1,39,700	↓	1100
जेवराती सोना	1,30,600	↓	1100
18 कैरेट सोना	1,09,000	↓	800
14 कैरेट सोना	86,600	↓	700

सेंसेक्स

	खुला	बंद	अंतर
BSE	84,778.02	84,180.96	↓ 780.18
NSE	26,106.50	25,876.85	↓ 263.90

डॉलर 89.843 ↑ 0.008

मुंद्रा वीएलसीसी संभालने वाला देश का पहला बंदगाह बना

एजेंसी/नवज्योति,मुंद्रा(गुजरात)। निजी क्षेत्र का समुद्री बंदरगाह मुंद्रा पोर्ट कच्चे तेल की ढुलाई करने वाले बहुत बड़े मालवाहक (वीएलसीसी) श्रेणी के जलयान एमटी न्यू रीनॉन को अपनी जेटी पर प्रवेश देकर देश में ऐसे विशाल जहाजों को माल उतारने की सुविधा देने वाला देश का पहला बंदरगाह बन गया है। अडानी समूह की कंपनी अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लि. (एपीएसईजेड) द्वारा गुजरात तट पर विकसित और परिचालित मुंद्रा बंदरगाह पर 3.3 लाख घन मीटर क्षमता का यह पूरा भरा हुआ जहाज बुधवार को पहुंचा। मुद्रा पोर्ट की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार एमटी न्यू रिनान 3.3 लाख घन मीटर कच्चा तेल लेकर मुंद्रा पहुंचा और इसके साथ ही भारत पहली बार ऐसी क्षमता वाले बंदरगाह वाले देशों की सूची में शामिल हो गया, जहां पूरी तरह लदा वीएलसीसी पोत सीधे बंदरगाह पर माल उतार सकता है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है क्योंकि अब तक ऐसे जहाजों को किसी मुख्य बंदरगार से दूसरे समुद्र में स्थापित एक पोत खड़े किये जाने की सुविधा (एसपीएम) या एक पोत

से दूसरे पोत पर माल खाली करने के अभियान पर निर्भर रहना पड़ता था। मुंद्रा की इस नई क्षमता से न केवल यह निर्भरता कम होगी बल्कि कच्चे तेल की हैंडलिंग अधिक सुरक्षित, तेज़ और लागत प्रभावी भी बनेगी। बंदरगाह का कहना है कि एमटी न्यू रिनान की बर्थिंग तेज़ हवाओं, मजबूत धाराओं और कनि समुद्री परिस्थितियों के बीच कराई गयी। इस तरह मुंद्रा वैश्विक स्तर पर कच्चा तेल उतारने की उन्नत क्रूड हैंडलिंग क्षमताओं वाला बंदरगाह बनकर उभरा है। मुंद्रा बंदरगाह पर जहाजों के आने जाने के गलियारे (ड्रफ्ट) की गहरायी 21.6 मीटर है और उससे 3.6 लाख टन तक की क्षमता के जहाजों को सीधे जेटी पर लगाया जा सकता है। इस बंदरगाह की 400 मीटर लंबी जेटी की बर्थ के साथ गहराई 25 मीटर है और यह 333 मीटर लंबाई वाले जहाजों को संभालने में सक्षम है। वहां लगाए गए दो 20-इंच के क्रूड ऑयल लोडिंग आर्म प्रति घंटे 10,000 से 12,000 क्यूबिक मीटर तक कच्चे तेल का डिस्चार्ज कर सकते हैं। उन्नत फेंडर सिस्टम, चार ब्रेस्टिंग डॉल्फिन और छह मूरिंग डॉल्फिन, जिनमें 150 टन एसडब्ल्यूएल क्षमता वाले हुक्स लगे हैं, इस जेटी को अल्ट्रा-लार्ज जहाजों के लिए पूरी तरह सुरक्षित बनाते हैं। मुंद्रा बंदरगाह का वीएलसीसी जेटी लगभग 489 किलोमीटर लंबी कच्चे तेल की पाइपलाइन के जरिए एचपीसीएल की राजस्थान स्थित बाड़मेर रिफाइनरी से सीधे जुड़ा हुआ है, जिसे देश की सबसे महत्वपूर्ण रिफाइनिंग परिसंपत्तियों में गिना जाता है वित्त वर्ष 2024-25 में मुंद्रा बंदरगाह से 20 करोड़ टन टन से अधिक माल ढोया गया था।

एक्सिस फाइनेंस की नई शुरुआत व्यापार बिजनेस लोन

एजेंसी/नवज्योति,नई दिल्ली। एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड ने एक्सिस फाइनेंस व्यापार बिजनेस लोन के लॉंच की घोषणा की। यह बिना किसी गारंटी (कोलैटरल-फ्री) वाला क्रेडिट समाधान हैए जिसे भारत के अर्ध शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लघु और छोटे व्यवसायों की वित्तीय जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। व्यापार बिजनेस लोन का उद्देश्य रिटेलए सर्विस और ट्रेडिंग से जुड़े लघु और छोटे उद्यमियों को सशक्त बनाना है। इसके तहत 10 लाख तक का लोन, लचीली अवधि और बिना किसी गारंटी के फाइनेंस की सुविधा दी जाती है। यह लोन वर्किंग कैपिटल, व्यवसाय विस्तार या उपकरणों के उन्नयन के लिए एक सुविधाजनक समाधान प्रदान करता है। न्यूनतम दस्तावेज और सरल प्रक्रिया के साथ, यह भारत के स्व.रोजगार करने वाले समुदाय को तेज़ और परेशानी.मुक्त क्रेडिट उपलब्ध कराता है। एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड के एमडी और सीईओ साई गिरिधर ने कहा कि लघु और छोटे उद्यमी भारत की अर्थव्यवस्था के लिए मेरुदंड के समान हैं। व्यापार बिजनेस लोन के माध्यम से हमारा लक्ष्य औपचारिक क्रेडिट को और अधिक सरल और समावेशी बनाना है ताकि देशभर के दुकानदारों, व्यापारियों और सेवा प्रदाताओं को बिना गारंटी के फाइनेंस मिल सके। यह उत्पाद छोटे व्यवसाय मालिकों को अपने संचालन का विस्तार करने, वर्किंग कैपिटल बढ़ाने और अपने विकास लक्ष्यों को आत्मविश्वास और दक्षता के साथ पूरा करने में सक्षम बनाता है। हमारा फोकस तकनीक और डेटा-आधारित अंडरराइटिंग के ज़रिये तेज टर्नअराउंड टाइम और ग्राहकों को पहले से बेहतर उनके अनुकूल अनुभव देने पर है।

मुंबई में आयोजित होने वाले प्लास्टीवर्ल्ड 2026 के लिए रोड शो

निर्यातक और निर्माता जुटाएंगे ताकत

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। प्लास्टिक तैयार उत्पादों की भारत की प्रतिष्ठित बी2बी प्रदर्शनी, प्लास्टीवर्ल्ड ने अपने आगामी मुंबई एक्सपो के प्रचार-प्रसार के लिए गुलाबी नगरी जयपुर में एक विशेष आउटरीच रोड शो का आयोजन किया। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन के सहयोग से आयोजित इस सत्र में उद्योग जगत के दिग्गजों ने शिरकत की और प्लास्टिक क्षेत्र में निर्यात की असीम संभावनाओं पर चर्चा की।

प्रमुख उपस्थिति एवं संबोधन- इस महत्वपूर्ण सत्र में उद्योग जगत और सरकारी विभागों के कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए, जिनमें शामिल हैं फियो नोर्थ इंडिया के रिजनल हैड आशीष जैन, एमएसएमई डायरेक्टर प्रदीप ओझा, डीआईसी के सहायक आयुक्त हिमांशु जोशी, आरईपीसी महाप्रबंधक पंकज राव फियो राजस्थान चैप्टर संयोजक जी.पी मित्तल, ऑल इंडिया प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एआईपीएमए) कैलाश मुरारका, प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष श्रवण शर्मा ने कारोबार में निर्यात में अवसरों और देश में विकास की राह के बारे में विस्तार से बताया।

निर्यात और विकास पर केंद्रित सत्र- कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय विनिर्माण और निर्यात केंद्रों को मुंबई एक्सपो से जोड़ना है। सत्र के दौरान रिवर्स बायर सेलर मीट (आरबीएसएम) और अंतर्राष्ट्रीय बाजार संपर्कों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को एमएसएमई विभाग की प्रतिपूर्ति योजनाओं और उद्योग विभाग की निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी दी।

मार्च 2026 में मुंबई में सजेगा महाकुंभ- ऑल इंडिया प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एआईपीएमए) द्वारा आयोजित यह प्रदर्शनी 23 से 25 मार्च 2026 तक जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर, मुंबई में आयोजित की जाएगी। यह प्रदर्शनी निर्माताओं, निर्यातकों और वैश्विक खरीदारों के लिए व्यापार विकास और बाजार विस्तार का एक साझा मंच बनेगी। राजस्थान के प्लास्टिक उद्यमियों ने भविष्य की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया।

हरतेक पावर को मिला 353.77 करोड़ का प्रोजेक्ट

एजेंसी/नवज्योति,नई दिल्ली। हरतेक पावर ने कर्नाटक के चल्लाकेरे में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी को 280 एमडब्ल्यू एसी सोलर पीवी प्रोजेक्ट के साथ 80 एमडब्ल्यू 320 एमडब्ल्यूएच बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) का प्रतिष्ठित ईपीसी कॉन्ट्रैक्ट मिला है। इस पूरे प्रोजेक्ट की कुल लागत लगभग 353.77 करोड़ आंकी गई है। इस प्रोजेक्ट के तहत हरतेक पावर न केवल सोलर प्लांट का निर्माण करेगीए बल्कि ऊर्जा भंडारण की आधुनिक तकनीक भी स्थापित करेगी। कार्य का दायरा, डिजाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, निर्माण और कमिशनिंग। रखरखावः कमिशनिंग के बाद एक साल तक संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी। भारत सरकार वर्तमान में ग्रिड स्थिरता और 24/7 बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एनर्जी स्टोरेज पर विशेष ध्यान दे रही है। सोलर पावर के साथ बैटरी स्टोरेज का तालमेल बिजली की बाधाओं को दूर करने और रात के समय भी सौर ऊर्जा का उपयोग संभव बनाने में गेम.चेंजर साबित होगा।

अमागी मीडिया का आईपीओ 13 को खुलेगा

एजेंसी/नवज्योति,बेंगलुरु। क्लाउड.आधारित एसएएएस समाधान प्रदाता, अमागी मीडिया लैब्स लिमिटेड ने अपने आईपीओ की घोषणा कर दी है। कंपनी का यह इश्यू 13 जनवरी 2026 को निवेश के लिए खुलेगा और 16 जनवरी को बंद होगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली लगाने की प्रक्रिया 12 जनवरी से शुरू होगी। कंपनी ने आईपीओ के लिए 343 से 361 प्रति इक्विटी शेयर (फेस वैल्यू 5) का प्राइस बैंड निर्धारित किया है। निवेशक न्यूनतम 41 शेयरों के लॉट के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस ऑफर में 8,160 मिलियन के नए शेयर जारी किए जाएंगे।

अब इमारतों को मिलेगी स्टार रेटिंग

नई दिल्ली। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने देश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए आरएनेक्स्ट टेक्नोलॉजिस को डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग एजेंसी (डीसीआरए) के रूप में नियुक्त किया है। इस कदम से भारत भर में डिजिटली रेडी, रियल एस्टेट के विकास को एक नई दिशा मिलेगी।

क्यों पड़ी इसकी जरूरत

भारत की तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था में शिक्षा, स्वास्थ्य और मनोरंजन के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी अनिवार्य हो गई है। आज लगभग एक अरब भारतीय इंटरनेट पर निर्भर हैं, फिर भी कई संपत्तियों को डिजिटल जरूरतों के हिसाब से डिजाइन नहीं किया गया है। डीसीआरए का स्टार-रेटिंग फ्रेमवर्क इसी कमी को दूर करेगा और इमारतों की डिजिटल तत्परता का निष्पक्ष मूल्यांकन करेगा।

क्या होगा आरएनेक्स्ट का काम

ट्राई द्वारा अधिकृत एजेंसी के रूप में, आरएनेक्स्ट अब संपत्तियों के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का मूल्यांकन करेगी। यह रेटिंग पूरी तरह से व्यावहारिक और यूजर केंद्रित होगी, जिसमें मुख्य रूप से निम्नलिखित क्षेत्रों की जांच की जाएगी। फाइबर इंफ्रास्ट्रक्चर स्टैंडर्ड , इन.बिल्डिंग कनेक्टिविटी , ब्रॉडबैंड और वाई-फाई परफॉर्मेंस, भविष्य की स्मार्ट टेक्नोलॉजी के लिए तैयारी ।

कचरा अब बनेगा संपदा

नई दिल्ली। प्लास्टिक.मोल्डेड फर्नीचर की अग्रणी कंपनी एवरो इंडिया लिमिटेड ने अपनी अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड रीसाइक्लिंग फैसिलिटी का उद्घाटन कर कचरे को संपदा में बदलने की दिशा में बड़ी पहल की है। इस यूनिट के साथ कंपनी ने मुश्किल से प्रोसेस होने वाले फ्लेक्सिबल प्लास्टिक कचरे की रीसाइक्लिंग का व्यावहारिक समाधान पेश किया है। एवरो इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं पूर्णकालिक निदेशक सुशील कुमार अग्रवाल ने कहा कि प्लास्टिक समस्या के समाधान के लिए बड़े पैमाने पर तकनीक और मजबूत इरादों की जरूरत है। कंपनी का लक्ष्य केवल रीसाइक्लिंग तक सीमित न रहकर पूरे देश में ऐसा इकोसिस्टम तैयार करना है, जहां कचरे को संसाधन के रूप में देखा जाए। कंपनी भविष्य में देशभर में मदर एंड बेबी रीसाइक्लिंग प्लांट्स का नेटवर्क स्थापित करने की योजना पर काम कर रही है, ताकि स्थानीय स्तर पर कचरा प्रोसेसिंग को बढ़ावा मिले और भारत को सस्टेनेबल प्लास्टिक प्रबंधन में वैश्विक नेतृत्व दिलाया जा सके। लंबे समय से सीमेंट, नमक, चीनी और पुट्टी की बोरियों तथा कैल्साइट पैकेजिंग जैसे जटिल प्लास्टिक कचरे को रीसायकल करना लगभग असंभव माना जाता था।

शिशिर बजाज ने जानकीदेवी की जयंती पर श्रद्धांजलि दी

मुंबई। देश की स्वतंत्रता, सामाजिक पुनर्जागरण और नैतिक मूल्यों की मजबूत आधारशिला रखने वाली पद्म विभूषण श्रीमती जानकीदेवी बजाज की 133वीं जयंती के अवसर पर बजाज समूह के संरक्षक शिशिर बजाज ने अपनी दादी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने उन्हें सादगी, साहस और निःस्वार्थ राष्ट्रसेवा की जीवंत प्रतिमूर्ति बताते हुए उनके जीवन को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत कहा। जानकीदेवी बजाज के स्मरण में जारी संदेश में श्री शिशिर बजाज ने कहा कि मेरी दादी जानकीदेवी बजाज का जीवन अनुशासन, करुणा और गांधीवादी मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से ओतप्रोत था।

टाईग्लोबल समिट में डिकोड किया 'स्केल' का रहस्य

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में 4 से 6 जनवरी तक आयोजित राजस्थान डिजीफेस्ट 10वें टाई ग्लोबल समिट में द अल्केमी ऑफ स्केल थ्री इंडस्ट्रीज, वन ग्रोथ माइंडसेटष्नामक सत्र का आयोजन किया गया। इस पैनल ने ऑटोमोबाइल और पर्सनल केयर जैसे अलग-अलग क्षेत्रों के संस्थापकों को एक मंच पर लाकर टिकाऊ भारतीय व्यवसायों के निर्माण के साझा ब्लूप्रिंट को साझा किया। चर्चा का संचालन करते हुए जितेन्द्र कुमार अग्रवाल ने भारत के पावर सेक्टर के साथ समानताएं बताईं, जहां स्मार्ट मीटरिंग बिजली के उपभोग और प्रबंधन के तरीके को बदल रही है। उन्होंने टिप्पणी की, तकनीक को अपनाना तभी सफल होता है जब लोग इसके पीछे के क्यों को समझते हैं। जमीनी जुड़ाव और जागरूकता उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी कि तकनीक की तैनाती। जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक जितेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा संचालित इस सत्र में कारदेखो ग्रुप के सह.संस्थापक अमित जैन और अनुराग जैन तथा मिनिमलिस्ट के सह-संस्थापक मोहित यादव और राहुल यादव शामिल हुए। ये ऐसे उद्यमी हैं जिन्होंने वास्तविक समस्याओं को सुलझाने से शुरुआत की।

रेडमी नोट15 5जी और रेडमी पैड 2 प्रो पेश

एजेंसी/नवज्योति,नई दिल्ली। शाओमी इंडिया ने रेडमी नोट 15 5जी और रेडमी पैड 2 प्रो लॉंच किया। ये दोनों डिवाइस भरोसेमंद परफॉर्मेंस, इमर्सिव एंटरटेनमेंट और रोजमर्रा के उपयोग के दौरान लंबे समय तक साथ देने के लिए बनाई गई हैं। भारतीय ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप विकसित ये नई डिवाईस स्मार्टफोन की तरह पूरे दिन चलती हैं, साथ ही, बड़ी स्क्रीन का बेहतरीन अनुभव भी प्रदान करती हैं। इसलिए ये डिवाईस ऑन द गो रहते हुए भी सुगम परफॉर्मेंस तथा घर पर शानदार मनोरंजन एवं प्रोडक्टिविटी प्रदान करने के लिए उत्तम हैं।

रियलमी 16 प्रो सीरीज पेश

एजेंसी/नवज्योति,नई दिल्ली। स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने भारतीय बाजार में अपनी नई रियलमी 16 प्रो सीरीज को लॉंच कर दिया है। इस सीरीज में रियलमी 16 प्रो 5जी और रियलमी 16 प्रो 5जी शामिल हैं। कंपनी के अनुसार, यह सीरीज प्रीमियम मिड रेंज सेगमेंट में कैमरा, डिजाइन और परफॉर्मेंस के नए मानक स्थापित करती है। रियलमी 16 प्रो सीरीज की सबसे बड़ी खासियत इसका 200 मेगापिक्सल ल्यूमाकलर पोर्ट्रेट मास्टर कैमरा है। रियलमी 16 प्रो में 3.5एक्स पेरिस्कोप टेलीफोटो लेंस के साथ 200 मेगापिक्सल का कैमरा दिया गया है, जो हर ज़ूम लेवल पर नेचुरल स्किन टोन, बेहतर डेप्थ और शार्प डिटेल्स कैप्चर करने में सक्षम है। वहीं, रियलमी 16 प्रो में भी यही 200 मेगापिक्सल कैमरा सिस्टम दिया गया है, डिजाइन के लिहाज से यह सीरीज जापान के प्रसिद्ध डिजाइनर नाओतो फुकासावा के साथ मिलकर तैयार की गई अर्बन वाइल्ड डिजाइन, फिलॉसफी पर आधारित है।

हैबिल्ड ने शुरू किया 'हर घर योग' अभियान

एजेंसी/नवज्योति,नई दिल्ली। भारत के अग्रणी हैबिट.बिल्डिंग प्लेटफॉर्म हैबिल्ड ने नए साल के अवसर पर अपनी फ्लैगशिप पहल 'हर घर योग' के भव्य शुभारंभ की घोषणा की है। इस मुहिम का मूल उद्देश्य भारतीयों को भारी-भरकम संकल्पों के बोझ से आजाद कर, योग की एक सरल, प्रभावी और स्थायी आदत के साथ साल की शुरुआत करने के लिए प्रेरित करना है। इसके तहत संस्थान 21 दिनों की एक विशेष निःशुल्क डिजिटल योग यात्रा का आयोजन कर रहा है। हर घर योग, इस विचार पर आधारित है कि वास्तविक स्वास्थ्य सुधार श्एक दिन के बड़े बदलाव से नहीं, बल्कि हर दिन के छोटे प्रयासों से संभव है। यह पहल आयु, लिंग और भौगोलिक सीमाओं को तोड़ते हुए हर किसी को बिना किसी दबाव, महंगे जिम सेटअप या परफेक्शन के तनाव के बिना योग अपनाने का न्योता देती है। यह उन लोगों के लिए एक ठोस मंच है जो योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहते हैं।

आज जब वेलनेस केवल कुछ लोगों तक सीमित रह गई है, हैबिल्ड इसे हर घर तक सुलभ और कंसिस्टेंट बनाने के मिशन पर है। यह एक डिजिटल-फर्स्ट पहल हैए जिसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि योग एक मौसमी शौक नहीं, बल्कि एक स्थायी संस्कार बन जाए।

वूमनकार्ट से दो घंटे में होगी डिलीवरी

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। महिलाओं की जरूरतों को समर्पित भारत के प्रमुख क्विक.कॉमर्स प्लेटफॉर्म वूमनकार्ट ने जयपुर में अपनी 'हाइपरलोकल' डिलीवरी सेवाओं की आधिकारिक शुरुआत कर दी है। यह लॉंच टियर.2 शहरों में कंपनी के विस्तार की दिशा में एक रणनीतिक मील का पत्थर है। इस पहल के साथ अब पिंक सिटी की महिलाओं को ब्यूटी, पर्सनल केयर, फैशन, वेलनेस और लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स की डिलीवरी मात्र 2 घंटे में मिलेगी, एक ऐसी सुविधा जो अब तक मुख्य रूप से केवल बड़े महानगरों तक ही सीमित थी।

सूडोकु नवताल- 6873

★☆☆☆☆ सरल

5		9		8	3	2		
	2		4					8
3	8		5	2	6	1		
	7						9	5
9		3	6		8	7		4
2	6						1	
		5	2	7	1		8	6
6					4		7	
		8	9	6		4		2

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6872 का हल

8	2	5	3	6	7	9	1	4
4	6	1	8	9	2	3	7	5
3	7	9	1	5	4	6	8	2
1	3	7	4	2	9	5	6	8
6	5	2	7	1	8	4	9	3
9	8	4	6	3	5	1	2	7
2	4	6	9	8	3	7	5	1
5	1	3	2	7	6	8	4	9
7	9	8	5	4	1	2	3	6

कौशल जागरूकता और मोबिलाइजेशन शुरू

एजेंसी/नवज्योति,नई दिल्ली। कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने सीकर के ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान (जीएमएसएस) में वर्चुअल रूप से कौशल रथ पहल का उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य जिले में युवाओं के लिए कौशल जागरूकता और रोजगार से जुड़े प्रशिक्षण के अवसरों को बढ़ावा देना है। इस समारोह में कौशल रथ के जिला.व्यापी जनसंपर्क कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। साथ ही, कौशल इकोसिस्टम को मजबूत करने और विशेष रूप से ग्रामीण और वंचित समुदायों की कौशल अवसरों तक पहुंच सुनिश्चित करने पर भारत सरकार के बढ़ते प्रयासों को भी रेखांकित किया गया। कौशल रथ पहल एक प्रमुख कौशल जागरूकता और मोबिलाइजेशन कार्यक्रम है जिसे युवाओं के बीच व्यावसायिक प्रशिक्षण, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। विशेष जनसंपर्क के माध्यम से, यह पहल सरकार समर्थित कौशल विकास योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करती है।

साइबर सिक्योरिटी एजुकेशन में ग्लोबल और इंडस्ट्री एक्सपोजर बढ़ा

एजेंसी/नवज्योति,नई दिल्ली। छात्रों के लिए ग्लोबल एक्सपोजर और इंडस्ट्री इंटीग्रेटेड लर्निंग पर अपने फोकस को मजबूत करते हुए, एनआईआईटी यूनिवर्सिटी (एनयू) ने इंटरनेशनल एकेडमिक जुड़ाव और इंडस्ट्री की तैयारी को बढ़ाने के उद्देश्य से दो स्ट्रेटेजिक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) साइन किए हैं। यूनिवर्सिटी ने ग्लोबल लर्निंग और मोबिलिटी के अवसरों का विस्तार करने के लिए न्यूजीलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ कैंटरबरी के साथ एक एकेडमिक पार्टनरशिप की है और एप्लीकेशन सिक्योरिटी में ग्लोबल लीडर चेकमारक्स के साथ एक इंडस्ट्री सहयोग किया है, ताकि सीखने वालों के लिए हैंड्स ऑन साइबर सिक्योरिटी एजुकेशन और वास्तविक दुनिया के स्किल डेवलपमेंट को मजबूत किया जा सके। एनआईआईटी यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट प्रो. प्रकाश गोपालन ने कहा कि एनआईआईटी यूनिवर्सिटी मेंहमारी प्राथमिकता छात्रों को तेजी से ग्लोबल और टेक्नोलॉजी संचालित दुनिया में सफल होने के लिए आवश्यक क्षमताओं से लैस करना है। चेकमारक्स के साथ हमारा सहयोग इंडस्ट्री से संबंधित साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञता को सीधे लर्निंग इकोसिस्टम में लाता है।

कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले के साथ पोको एम8 फाइव जी

नई दिल्ली। पोको ने भारत में अपने नए स्मार्टफोन पोको एम8 फाइव जी को लॉंच करने की घोषणा की। यह स्मार्टफोन रोजमर्रा के मनोरंजन और उपयोग को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पेश किया गया है, जिसमें आकर्षक कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले, स्लिम और हल्का डिजाइन, भरोसेमंद परफॉर्मेंस और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी दी गई है। स्ट्रीमिंग, गेमिंग, सोशल मीडिया, फोटोग्राफी और दैनिक कार्यों के लिए स्मार्टफोन पर निर्भर रहने वाले उपयोगकर्ताओं को ध्यान में रखकर इसे डिजाइन किया गया है। शाओमी इंडिया के चीफबिजनेस ऑफिसर संदीप सिंह अरोड़ा ने कहा कि पोको एम8 फाइव जी सीरीज एक बड़ा विकास है, जो सस्ती कीमतों पर नई और महत्वपूर्ण तकनीक देने पर हमारा ध्यान दिखाती है।

आज का भविष्यफल

पौष मास कृष्ण पक्ष सप्तमी तिथि शुक्रवार विक्रम संवत 2082 राष्ट्रीय शाके 1947 हिजरी 1447 मुस्लिम माह 07 रज्जब 19 सूर्य उत्तरायण, शिशिर ऋतु। सप्तमी तिथि संपूर्ण दिन। उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र दोपहर 01:41 बजे तक तत्पश्चात हस्त नक्षत्र। शोभन योग शाम 04:55 बजे तक तत्पश्चात अतिगण्ड योग। विष्टीकरण शाम 07:40 बजे तत्पश्चात बवकरण। चंद्रमा कन्या राषि में संपूर्ण दिन। राहूकाल 10:30 बजे से 12:00 बजे तक। सूर्योदय प्रात 07:31 बजे। सूर्यास्त शाम 05:59 बजे। 09 जनवरी ईस्वी संवत 2026। विशेष श्री रामानन्दाचार्य जयंती।

मेष ARIES (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
कार्यों में बाधाएं, बनते कार्य बिगडने से मन अशांत रहेगा। व्यापार, कार्यक्षेत्र में पूर्ण कौशल का प्रदर्शन करने पर आंशिक सफलता प्राप्त होगी। कानूनी मामलों में भी परेशान होना पडेगा। दिन के अंत तक कुछ राहत प्राप्त होगी। क्रोध पर नियंत्रण रखें। अविवाहितों के लिए विवाह प्रस्ताव प्राप्त होंगे।

वृष TAURUS (ई उ ए ओ वा वि बू बे बो)
आय के साधन बढेंगे किन्तु व्यय भी उसी अनुपात में बढेगा। आप द्वारा पूर्व में किये कुछ कार्यों से परेशानी से राहत प्राप्त होगी। कार्यप्रणाली में परिवर्तन कर पूर्ण कार्य क्षमता से कार्य करें, सफलता प्राप्त होगी। शत्रु प्रबल होंगे किन्तु हानि नहीं पहुंचा सकेंगे। जीवनसाथी के लिए श्रेष्ठ समय है।

मिथुन GEMINI (का की कू घ ङ छ के को हा)
मानसिक चिंता रहेगी साथ ही स्वास्थ्य भी परेशान करेगा। व्यावसायिक यात्राएं संभव। आर्थिक रूप से लाभ होगा, जीवनसाथी की तरक्की के लिए अथक प्रयास करने पडेंगे। नौकरीपेशा को तरक्की मिलेगी। कानूनी मामलों में सलाह मशविरा लेना आवश्यक है, अन्यथा मुकदमेबाजी संभव।

कर्क CANCER (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
किसी प्रतिस्पर्धा में सफल होंगे। कानूनी मामले पक्ष में निर्णित होंगे। व्यापार बढेगा, आर्थिक रूप से लाभ होगा। पारिवारिक मामलों में समझौता संभव। संपत्ति विवाद पक्ष में हल होगा। ऋण चुकेगा, उधारी वसूलेंगे। व्यवसायिक यात्रा का पूर्ण लाभ होगा। घर में माहौल खुशनुमा रहेगा।

सिंह LEO (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
संतान संबंधी समस्याओं से परेशान रहेंगे। आजीविका के क्षेत्र में तनाव रहेगा। आर्थिक लाभ होगा, येनकेन प्रकारेण कार्य बनाने की चाह से शत्रु बढेंगे। भूमि भवन संबंधी मामलों में निर्णय लेने से पूर्व सजग रहें। भाई बहिनों के लिए समय श्रेष्ठ है, उनकी तरक्की होगी।

कन्या VIRGO (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
दिन के प्रारंभ में कुछ परेशानी का सामना करना पडेगा। कार्यक्षेत्र में चल रहे व्यवधान अपनी कार्यशैली से दूर करेंगे। आय के स्त्रोत बढेंगे किन्तु अतिरिक्त आय के लिए जतन करेंगे। विवादों का निस्तारण होगा। शत्रु परास्त होंगे। वाहन, भूमि व भवन का सुख मिलेगा।

तुला LIBRA (रा री रू रे रो ता ती तू ते)
लाभ बढने से अहंकारी होने की संभावना। स्वभाव, वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यापार विस्तार होगा। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। आपसे विपरित चल रहे लोगों को भी आपके नियंत्रण में रहना पडेगा। भागीदारी बढने से कार्य विस्तार होगा। मान प्रतिष्ठा बढेगी। शत्रु पक्ष प्रबल होगा।

वृश्चिक SCORPIO (तो ना नी नू ने नो या यी यू)
लोगों का सहयोग बढेगा। कार्य पूर्ण होंगे। कार्य की अधिकता के साथ आय में भी वृद्धि होगी। क्रोध पर नियंत्रण रखें। खानपान में सावधानी बरतें। मान प्रतिष्ठा बढेंगी। सामाजिक कार्यों में रूचि बढेंगी। भाई बहिनों का सहयोग मिलेगा, किन्तु भाई के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी।

धनु SAGITTARIUS (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
कार्यप्रणाली में सुधार की आवश्यकता है। अधीनस्थों व भागीदारों के भरोसे कार्य छोडने से हानि की संभावना। पूर्व से चल रहा आर्थिक दबाव अब कम होगा। संतान की समस्याओं का निस्तारण होगा। खर्च कम होंगे। क्रोध व वाणी को नियंत्रित करना आवश्यक है।

मकर CAPRICORN (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
सावधानी से समय व्यतीत करें। कानूनी मामलों में उलझना ठीक नहीं। मातृपक्ष को कष्ट संभव। भूमि भवन के मामले गति पकडेंगे किन्तु वाहन सुख में कमी आएगी। खर्च बढेगा। अनावश्यक वस्तुओं का क्रय भविष्य में नुकसान देगा। भाई बहिनों के लिए शुभ समय।

कुंभ AQUARIUS (गु गो सा सी सू से सो दा)
दिन का प्रारंभ समस्याओं के साथ होगा किन्तु समय के साथ समस्याओं का समाधान होता जाएगा। आर्थिक लाभ अचानक बढेगा किन्तु अनावश्यक खर्च भी बढेगा। स्त्री वर्ग के लिए कार्य व्यवसाय में उन्नति का योग। ध